ज्ञान प्राप्त करने का महत्व

रेटिंग:

विवरण: ?????? ????? ??????? ???? ?? ????? ???? ????? ???? ?? ?? ???? ???? ??? ????? ?? ?? ??? ?? ?????? ?? ???? ??? ??????? ???? ???

श्रेणी: पाठ › इस्लामी जीवन शैली, नैतिकता और व्यवहार › सामान्य नैतिकता और व्यवहार

द्वारा: Imam Mufti

प्रकाशित हुआ: 08 Nov 2022

अंतिम बार संशोधित: 07 Nov 2022

उद्देश्य

- ज्ञान प्राप्त करने में इस्लाम धर्म द्वारा दिए गए अद्वितीय महत्व की सराहना करना।
- यह जानने के लिए कि किस प्रकार का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।
- ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया के महत्वपूर्ण तत्व धैर्य और भक्ति का एहसास करना।
- उन उपायों के बारे में जानना जो व्यक्ति को ज्ञान का फल प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं।

अरबी शब्द

- हदीस - (बहुवचन - हदीसें) जानकारी या कहानी का एक टुकड़ा है। इस्लाम में यह पैगंबर मुहम्मद और उनके साथियों के कथनों और कार्यों का एक वर्णनात्मक रिकॉर्ड है।

इस्लाम धर्म के समान कोई अन्य धर्म या संस्था ज्ञान को उतना महत्व नहीं देती है। धर्म ने सभी मुसलमानों के लिए ज्ञान प्राप्त करना अनिवार्य बना दिया है और ऐसा नहीं करना पाप माना है। पैगंबर (उनपर अल्लाह की दया और आशीर्वाद हो) ने एक प्रामाणिक कथन (हदीस) में कहा:

“ज्ञान प्राप्त करना हर मुसलमान पर एक दायित्व है।” (अल-तिर्मिज़ी)

यह दायित्व एक निश्चित लिंग या वर्ग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के लिए उतना ही दायित्व है जितना कि पुरुषों, युवाओं और बुजुर्गों, और गरीब और अमीरों के लिए है। अल्लाह ने

ज्ञानियों के दर्जे और हैसियत को बढ़ाया है, और क़ुरआन में कई जगहों पर उनकी प्रशंसा की है। अल्लाह कहता है:

“अल्लाह ईमान लाने वालों का और जिन्हें कई स्तरों पर ज्ञान दिया गया है, उनका दर्जा ऊँचा करता है।” (क़ुरआन 58:11)

जिस मुसलमान के पास ज्ञान है और जिसके पास नहीं है उसमें बहुत अंतर है। पैगंबर ने अपने कथन में इसका वर्णन किया:

“एक विद्वान की दूसरे (साधारण) उपासक पर उत्कृष्टता शेष स्वर्गीय पिंडों पर पूर्णिमा की उत्कृष्टता के समान है।” (अबू दाऊद)

उन्होंने यह भी कहा:

“एक विद्वान की दूसरे (साधारण) उपासक पर उत्कृष्टता मेरी उत्कृष्टता और आप में से सबसे कम की उत्कृष्टता के समान है।” (अल-तिर्मिज़ी)

अल्लाह ने ज्ञानियों को अज्ञानियों पर ऐसी तरजीह क्यों दी है? पैगंबरो का काम सीधे हमारे निर्माता से प्राप्त ज्ञान को सृष्टि तक पहुंचाना था, जो उसके और उसके गुणों के बारे में, साथ ही साथ उसे खुश करने और उसके क्रोध से बचने के लिए मनुष्यों को क्या करना है। इससे हमे यह पता चलता है की एक मुसलमान के जीवन में ज्ञान का कितना महत्व है। अल्लाह की सही तरीके से पूजा करने के लिए और ऐसे काम करने के लिए जो अल्लाह को खुश करें और उसके क्रोध से बचाये, मुसलमानों को ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो वे अपना पूरा जीवन ऐसे कामों में व्यतीत करेंगे जो वास्तव में धर्म की शिक्षाओं के विपरीत हैं, जिससे उन्हें अल्लाह की क्षमा के बजाय सजा मिल सकती है।

मुझे क्या सीखना चाहिए?

अब प्रश्न यह उठता है कि यदि धर्म का ज्ञान प्राप्त करना एक दायित्व है और धर्म के भीतर ज्ञान के क्षेत्र इतने विशाल हैं, तो किस प्रकार का ज्ञान प्राप्त करना अनिवार्य है? इस्लाम के एक महान विद्वान इमाम अहमद बिन हंबल ने बताया कि प्रत्येक मुसलमान के लिए उस प्रकार का ज्ञान प्राप्त करना अनिवार्य है जो उसे अपने धर्म का ठीक से पालन करने योग्य बना दे। उदाहरण निम्नलिखित हैं:

1) इस्लामी धारणा। यह अब तक धर्म का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है जिसे एक व्यक्ति को सीखना चाहिए, क्योंकि इस पहलू के माध्यम से एक व्यक्ति वास्तव में मुस्लिम बन जाता है। पैगंबर बनने के बाद पहले तेरह साल पैगंबर मुहम्मद ने अल्लाह के बारे में लोगों के विश्वास को सुधारने में समर्पित किये, इस बात पर जोर देते हुए कि कोई भी पूजा केवल अल्लाह के लिए ही होनी चाहिए, जबकि उस समय तक केवल कुछ ही अन्य आज्ञाओं को बताया गया था।

2) पूजा के अनिवार्य पहलुओं का ज्ञान। जैसा कि हम जानते हैं, अल्लाह ने मुसलमानों को कुछ पूजा के कार्य करने की आज्ञा दी है। इनमें से कई कार्य अनिवार्य हैं और लोगों को पता होना चाहिए कि उन्हें कैसे करना है। उदाहरण के लिए, अल्लाह ने हमें प्रति दिन कम से कम पांच बार प्रार्थना करने के लिए कहा, इसलिए हमारे लिए यह जानना अनिवार्य हो जाता है कि हमें प्रार्थना कैसे करनी चाहिए, यह ध्यान में रखते हुए कि प्रार्थना के दौरान हमें क्या करना है और क्या नही। इसके आलावा, चूंकि प्रार्थना की शर्तों में से एक स्वयं को शुद्ध करना है, व्यक्ति को यह पता होना चाहिए कि यह कैसे करना है। ऐसा अल्लाह की बाकी आज्ञाओं के लिए भी है।

3) यह जानना कि दैनिक जीवन में किस चीज़ की अनुमति है और किसकी नही। अल्लाह ने अपनी दया से हमें अनगिनत इनामों का आनंद लेने की अनुमति दी है। साथ ही, उसने हमें कुछ चीजों के भोग से होने वाले शारीरिक या आध्यात्मिक नुकसान के बारे में चेतावनी भी दी है। इसलिए हमारे लिए धर्म के इन पहलुओं का सीखना अनिवार्य हो जाता है ताकि हम जानबूझकर या गलती से इन कृत्यों में न पड़ें। बताने के लिए एक महत्वपूर्ण बात यह है कि मुसलमानों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित नियमों को सीखें ताकि वे अपना काम धर्म के दिशा-निर्देशों के अनुसार कर सकें चाहे वह दवा, व्यापार, कानून या कोई अन्य क्षेत्र हो।

4) व्यक्ति को यह भी सीखना चाहिए कि अपने दिलों और कर्मों को कैसे दोषपूर्ण गुणों से शुद्ध रखना है। मुसलमानों को पता होना चाहिए कि अपने दिलों को धन, स्थिति और प्रसिद्धि के प्यार से कैसे शुद्ध रखना है, और सिर्फ अल्लाह के लिए कार्य करना है। उन्हें इस्लाम धर्म मे बताये गए उदात्त शिष्टाचार को भी सीखना चाहिए, और पैगंबर मुहम्मद के अनुसार अपने जीवन को जीने का प्रयास करना चाहिए।

स्वर्ग के पथ में धैर्य

ज्ञान प्राप्त करना चाहिए, लेकिन एक ही बार में प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है, जैसा कि महान विद्वान अज़-जुहरी ने कहा, "*?? ?? ??? ??? ?? ????? ??????? ???? ????? ??, ????? ??? ?? ?? ??? ??? ???? ????? ????? ????? ????? ???? ??? ?? ?????? ??? ?? ??????? ???? ???? ???*" एक

दृढ़ इरादा बनाना चाहिए, और अपनी खोज के दौरान धैर्य रखना चाहिए। कुछ पहलू आसान हो सकते हैं, लेकिन कुछ हासिल करना कठिन हो सकता है। ध्यान रखें कि जब कोई कठिन चीज सीखने की कोशिश करता है, तो उसे सीखने में किए गए प्रयास के कारण उन्हें अल्लाह से दोहरा इनाम मिलेगा, और अल्लाह की उदारता वास्तव में असीमित है। पैगंबर ने कहा:

"जो कोई क़ुरआन पढ़ता है और पढ़ते समय हकलाता है, उसकी कठिनाई के कारण उसे दोहरा इनाम मिलेगा।" (सहीह मुस्लिम)

धर्म को सीखने के कई तरीके हैं, सबसे अच्छा यह है कि इसे किसी जानकार और धर्मी मुसलमान से सीधे तौर पर सीखा जाए। लेकिन चूंकि वे हमेशा उपलब्ध नहीं होते हैं, इसलिए ऐसा करने के लिए अच्छी किताबें, कैसेट और वेबसाइट जैसे अन्य तरीकों की तलाश करनी चाहिए। शुरुआत में उन चीजों को सीखने की कोशिश न करें जिनके लिए बहुत अध्ययन की आवश्यकता होती है; बल्कि, महत्व के क्रम में अध्ययन की सामग्री को प्राथमिकता दें। धर्म सीखने का एक साधन यह वेबसाइट है, इसे धर्म की मूल बातें प्रामाणिक स्रोतों से आसान, चरणबद्ध तरीके से आपके सीखने के लिए स्थापित किया गया है। हम आपको उन पाठों को पढ़ने और प्रत्येक से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे के स्वयं को परखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो हमने आपके लिए तैयार किए हैं। जब तक आप एक पाठ को पूरी तरह से समझ नहीं लेते, तब तक अगले पाठ पर आगे न बढ़ें, क्योंकि ये पाठ आपके अपने लाभ के लिए बनाएं गए हैं। सामग्री को पूरी तरह से समझने में लगने वाले समय के बारे में चिंता न करें, क्योंकि इसमे लगने वाले प्रत्येक सेकंड के लिए आपको पुरस्कार मिल रहा है। अपने धर्म को सीखने से आपके लिए स्वर्ग का मार्ग आसान हो जाएगा, जैसा कि पैगंबर मुहम्मद ने कहा था:

"जो कोई ज्ञान प्राप्त करने के मार्ग पर चलता है, अल्लाह उसके लिए स्वर्ग का मार्ग आसान कर देता है।" (अल-तिर्मिज़ी)

उत्सुकता से ज्ञान प्राप्त करें

पैगंबर (उन पर अल्लाह की दया और आशीर्वाद हो) ने कहा:

"जब अल्लाह किसी व्यक्ति के लिए अच्छा चाहता है, तो वह उसे धर्म समझाता है।" (अल-बुखारी)

पैगंबर के साथी (अल्लाह उन सभी से प्रसन्न हो) ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत उत्सुक थे। देखें पैगंबर के चचेरे भाई अब्दुल्ला इब्न अब्बास ज्ञान प्राप्त करने के लिए कितने उत्सुक थे। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान प्राप्त करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया था। वो मदीना के प्रमुख

न्यायाधीश और न्यायविद, विरासत के नियमों और क़ुरआन पढ़ने के विशेषज्ञ, और क़ुरआन की प्रतिलिपि लिखने वालों में से एक ज़ैद इब्न थबीत जैसे व्यक्तियों की विशेष प्रशंसा करते थे। एक बार जब ज़ैद ने यात्रा करने का इरादा किया, तो युवा अब्दुल्ला नम्रता से उनके साथ चल पड़े, और घोड़े की लगाम संभालते हुए उन्होंने अपने स्वामी की उपस्थिति में एक विनम्र नौकर का रवैया अपनाया। ज़ैद ने उनसे कहा: "ऐसा मत करो, पैगंबर के चचेरे भाई!"

अब्दुल्ला ने उत्तर दिया, " हमें अपने बीच के विद्वानों के साथ इसी तरह का व्यवहार करने का आदेश दिया गया था।"

फिर ज़ैद ने कहा, "मुझे तुम्हारा हाथ देखने दो।"

अब्दुल्ला ने हाथ बढ़ाया। ज़ैद ने इसे चूमा और कहा: "हमें पैगंबर के घर के सदस्यों के साथ इस तरह का व्यवहार करने की आज्ञा दी गई थी।"

ज्ञान का फल

अंत मे, ज्ञान प्राप्त करना पूजा का एक कार्य है जिसमे आपको केवल अल्लाह की खुशी और उसके इनाम के लिए अपना इरादा शुद्ध रखने की आवश्यकता है। दिखावा करने या दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने, या किसी की सभाओं को जीवंत करने के लिए ज्ञान प्राप्त न करें। पैगंबर ने कहा:

“जो कोई (आमतौर पर) कुछ सांसारिक लाभ के लिए वह ज्ञान प्राप्त करता है जो सिर्फ अल्लाह की खुशी के लिए होना चाहिए, उसे न्याय के दिन स्वर्ग की गंध भी नही मिलेगी।” (इब्न माजा)

यह भी जान लें कि यदि कोई ज्ञान का लाभ उठाकर इस्लाम धर्म (जो अल्लाह को पसंद है) का पालन नही करता तो उस ज्ञान का कोई महत्व नही है। इसलिए व्यक्ति जो सीखता है उस पर अमल करने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि इस्लाम के अनुसार बिताया गया जीवन ही व्यक्ति को स्वर्ग में ले जाता है।

हम कुछ ऐसी प्रार्थनाओं के साथ समाप्त कर रहे हैं जो पैगंबर मुहम्मद ने स्वयं ज्ञान प्राप्त करने के लिए की थी।

"ऐ अल्लाह! जो कुछ तूने हमें सिखाया है उससे हमें लाभ पहुंचा, और हमें वह सिखा जो हमें लाभ पहुंचाए, और हमारे ज्ञान में वृद्धि करें।” (इब्न माजा)

"ऐ अल्लाह, हमें लाभकारी ज्ञान; अच्छा, शुद्ध और जायज़ जीविका और कर्म जसिे आप स्वीकार करो प्रदान कर।" (इब्न माजा)

"ऐ अल्लाह, मैं तुम्हारी शरण चाहता हूं उस ज्ञान से जो लाभ नहीं पहुंचता, उस दलि से जो डर के खुद को वनिम्र नहीं करता, अतृप्त इच्छा से और उस प्रार्थना से जसिका जवाब नही मलिता।" (सहीह मुस्लमि)

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/hi/articles/20

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधकिार सुरक्षति।